


## पुनर्गठन आयोग के सचिव ने किसानों से जाना कृषि का जमीनी परिदृश्य

**खेत, मंडी और सहकारी संस्था का निरीक्षण किया**

**खरगोन।** प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के सचिव अक्षय कुमार सिंह मंगलवार को खरगोन जिले के प्रवास पर रहे। प्रवास के दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख कृषि क्षेत्रों का भ्रमण कर किसानों से सीधे संवाद किया तथा कृषि उत्पादन, विपणन एवं ग्रामीण कृषि अधोसंरचना की जमीनी स्थिति का अवलोकन किया। श्री सिंह ने सर्वप्रथम प्रसिद्ध बेड़िया कृषि उपज मंडी पहुंचकर किसानों से चर्चा की और बेड़िया मिर्च की विशिष्ट गुणवत्ता एवं उसकी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि बेड़िया मिर्च की विशेष पहचान को देखते हुए इसे वैश्विक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में व्यापक संभावनाएं हैं। इस दौरान उन्होंने किसानों से उत्पादन, गुणवत्ता, विपणन, भंडारण एवं निर्यात से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा कर क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को समझा। किसानों ने मिर्च उत्पादन में आने वाली समस्याओं एवं कृषि विपणन से संबंधित विभिन्न मुद्दों से उन्हें अवगत कराया। श्री सिंह ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए समस्याओं की तह तक पहुंचने का प्रयास किया और आश्वस्त किया कि किसानों की वाजिब मांगों एवं



सुझावों को शासन स्तर पर अनुशंसा सहित प्रस्तुत किया जाएगा। किसानों से संवाद के दौरान उन्होंने क्षेत्र की कृषि समृद्धि, किसानों की मेहनत एवं उनकी जीवनशैली की सराहना करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में किसानों के अनुभव और सुझाव अत्यंत महत्वपूर्ण हैं तथा जमीनी स्तर पर संवाद से ही प्रभावी निर्णय लिए जा सकते हैं। इसके पश्चात उन्होंने विकासखंड भीकनगांव के ग्राम केदवा पहुंचकर कृषक श्री सोनू के खेत का भ्रमण किया। यहां उन्होंने मिर्च एवं सफेद मूसली की फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे किसानों के साथ खेत में फसलों के बीच बैठकर आत्मीय वातावरण में चर्चा करते रहे तथा खेती से जुड़े उनके अनुभव, समस्याएं एवं सुझाव सुने। साथ ही क्षेत्र में उपलब्ध कृषि सुविधाओं, निकटस्थ मंडियों, कोल्ड स्टोरेज, पोस्ट हार्वेस्ट प्रबंधन एवं कृषि विपणन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त कर कृषि क्षेत्र में उपलब्ध संभावनाओं एवं आवश्यक सुधारों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

भ्रमण के अंतिम चरण में श्री सिंह ने घूघरियाखेड़ी स्थित सहकारी संस्था का निरीक्षण किया। संस्था की कार्यप्रणाली एवं किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का अवलोकन कर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की तथा किसानों के हित में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

## कलेक्टर खरगोन क़ो शुभकामनाएं दी



**महेश्वर।** जिला कलेक्टर भव्या मित्तल के शानदार कार्यकाल में उन्होंने जिले के विकास में सराहनीय योगदान दिया उन्हें संवेदनशील प्रशासक के रूप में ख्याति मिली अपने पद पर रहकर लगभग डेढ़ वर्ष के सेवाकाल के दौरान क्षेत्र में अनेको रचनात्मक कार्य किये। अपने प्रशासनिक एवं कौशल को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में लोक प्रशासन विषय पर दो वर्षीय उच्च अध्ययन कार्य के लिए प्रस्थान क़र रहीं है। इसी उपलब्धि पर जिला भाजपा अध्यक्ष नंदा ब्राम्हणे, मानव अधिकार आयोग के जिला संयोजक आशीष मेहता, संस्कार भारती के भानु तिवारी विजय पटेल ने कलेक्टेड पंहुचकर भव्या मित्तल का सम्मान क़र उन्हें स्मृती चिन्ह भेंट किया।

अपने सम्मान से अभिभूत कलेक्टर भव्या मित्तल ने खरगोन जिले वासियो से मिले सहयोग की भूरी भूरी प्रशंसा की उन्होंने कहा की खरगोन जिला हर क्षेत्र में अपनी शानदार पहचान के लिए जाना जाता है अवसर पर रेखा राठौड़ भी मौजूद रही।

### एक नजर में

## टेलीकॉम टॉवर की मशीनों में लगी आग

**गोगावां।** रहवासी क्षेत्र मठ चौक में बुधवार शाम को एक निजी कंपनी के मोबाईल टॉवर की मशीनों में अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई थी, बताया जा रहा है कि यह टॉवर रहवासी क्षेत्र में होकर लावारिस अवस्था में चल रहा है, टॉवर की मशीनों में अचानक आंग लगने से आसपास के रहवासी दहशत में आ गए थे, यहां लगी मशीनों के साथ ही बड़ी बड़ी लगभग 10 बैटरिया भी जल गई है, गनीमत रही कि इन बैटरियों में विस्फोट नहीं हुआ , नहीं तो कोई बड़ा हादसा घटीत हो सकता था, रहवासी लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र से यह टॉवर हटना चाहिए, नहीं तो किसी दिन भी बड़ी दुर्घटना घटीत हो सकती है, लोगों का यह भी कहना है कि यह टॉवर किसी निजी व्यक्ति की जमीन पर किराए से लगाया गया है। टॉवर के आसपास रहने वाले रहवासियों में डर बना हुआ है,उनका मानना है कि इस टावर के आसपास बच्चे भी खेलते रहते हैं, टॉवर की मशीनों में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी और फायर कंट्रोल रूम पर सूचना देकर फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया।

## पुलिस ने निकाली रैली, दिया जागरूकता का संदेश

**महेश्वर।** बुधवार शाम 6.30 बजे एडिशनल एसपी शकुंतला रूहल, एसडीओपी श्वेता शुक्ला थाना प्रभारी जगदीश गोयल के नेतृत्व में नशा मुक्ति जन जागरूकता अभियान की विशाल रैली निकाली गई ।विधायक राजकुमार मेव ने रैली को हरी झंडी दिखाते हुए रैली को विदा किया।इस अवसर पर एसडीओपी शकुंतला रूहल ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए नुकसानदायक है इसलिए हम सभी को नशे से दूर रहना चाहिए जो लोग नशा करते हैं उनके घर परिवार टूट जाते हैं और समाज भी उन्हें अच्छी दृष्टि से नहीं देखता है। विधायक राजकुमार मेव ने अपने संबोधन में कहा की प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान प्रारंभ हो गया है हम सभी को अपने स्तर से प्रयास करते हुए समाज को नशे से दूर रखने के प्रयास करना चाहिए नशा किसी भी प्रकार का हो परिवार के लिए, रिश्तो के लिए, समाज के लिए और देश के लिए नुकसानदायक होता है एडिशनल एसपी शकुंतला रूहल ने उपस्थित कई नगर वासियों को नशे से दूर रहने और जीवन में कभी भी नशा नहीं करने के साथ ही नशा छोड़ने की शपथ दिलाई इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, मंडल उपाध्यक्ष महादेव पाटीदार, थाना प्रभारी जगदीश गोयल, तहसीलदार कैलाश सस्तीया, सीएमओ प्रियंक पंड्या के साथ राजस्व विभाग, नगर परिषद , पुलिस जवान तथा कई नगरवासी व अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

## जैन मुक्ति धाम में दाह संस्कार शेड का जीर्णोद्धार पूर्ण

**सनावद।** नगर के जैन मुक्ति धाम में वर्षों से जीर्ण-शीर्ण हो रहे दाह संस्कार टीन शेड का पुन : जीर्णोद्धार एवं नवीन रंग-रोगन का कार्य पूर्ण हो गया है। समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि यह पुण्य कार्य स्व. श्रीमती नाजुक बाई, स्व. सेठ सोनचरण सा. एवं स्व. सेठ सुरेशचंद की पावन स्मृति में पुण्यराजक परिवार द्वारा धर्मार्थ दान स्वरूप कराया गया।दानदाता राजा जैन, ऋषभ जैन, सौरभ जैन, सुकेश जैन, राहुल जैन एवं अम्बरीश जैन ने बताया कि स्वजनों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए यह कार्य किया गया है।सकल दिगम्बर जैन समाज सनावद ने इस पुण्य कार्य की अनुमोदना करते हुए पुण्यराजक परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अतिक्रमण हटाने पहुंचा अमला, विरोध से रुका काम



**खरगोन।** शहर के अतिव्यस्ततम एमजी रोड पर नाला निर्माण से पहले दुकानों के बाहर बने ओटले हटाने पहुंचे नगरपालिका अमले को व्यापारियों के तीखे विरोध का सामना करना पड़ा। बगैर सूचना के पहुंचे नपाकर्मियों की कार्रवाई पर व्यापारियों ने आपत्ति दर्ज कराई। विवाद की स्थित बनते देख अमले को बैरंग लौटना पड़ा।अब नपा अधिकारियों ने सूचना पत्र जारी करने की तैयारी शुरु की है। सुबह करीब 10 .30 बजे नगरपालिका का अमला जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचा।अफसरों का ईशारा मिलने पर जैसे ही जेसीबी चालक ने ओटले तोडने की शुरुआत की। देखते ही देखते व्यापारी इकट्ठा हो गए। सामान्य चर्चा से शुरू हुई बात देखते ही देखते तीखी बहस में बदल गई। करीब आधे घंटे तक हंगामे जैसे हालात बने रहे, जिसके बाद नगरपालिका अमले को कार्रवाई स्थगित कर लौटना पड़ा। नगरपालिका अधिकारियों के अनुसार एमजी रोड के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण की योजना के तहत यहां नाले का पुनर्निर्माण किया जाना है।इसी परियोजना के अंतर्गत सड़क पर डिवाइडर और सेंट्रल लाइन भी विकसित की जाएगी।पहले चरण में श्रीकृष्ण टॉकीज तिराहे से थाना परिसर तक तथा दूसरे चरण में थाना परिसर से पोस्ट ऑफिस तक नाले का निर्माण प्रस्तावित है।वर्तमान में नाले के ऊपर बने ओटलों को हटाकर दोबारा व्यवस्थित नाली बनाने की योजना है। उपयंत्री जयपाल जमने ने बताया .एमजी रोड पर नाला निर्माण दो चरणों में होना है।सभी को तीन दिन का सूचना पत्र जारी किया जाएगा।

## एचडीएफसी इर्गो ने पीएम फलस बीमा योजना लागू की

**खरगोन .** एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को मध्य प्रदेश सरकार ने `रबी, 2026 सीजन के लिए अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वी निमाड़) और खरगोन जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है. इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन मध्य प्रदेश सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथि 31 जुलाई है. इस योजना के अंतर्गत फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम भी शामिल हैं. पीएम एफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद मध्यप्रदेश सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदित हैं. अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, धार, झाबुआ, खंडवा (पूर्वीनिमाड़) औ रखरगोन जिलों के किसान अपने जिले के बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं. बीमा कवर प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं अन्य विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

## सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय में 25वें बैच का स्वागत

**नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ आत्मीय अभिनंदन**

**मंडलेश्वर।** सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ के साथ 25वें बैच के नवप्रवेशी विद्यार्थियों का उत्साहपूर्ण एवं गरिमामय स्वागत किया गया। महाविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर विद्यार्थियों का कुमकुम तिलक लगाकर एवं चॉकलेट भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन से हुआ। पूजन महाविद्यालय के संचालक बी.एम. पाटीदार एवं अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने किया। शिवानी केवट ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया।



अपने संबोधन में बी.एम. पाटीदार ने कहा कि महाविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ अनुशासन, संस्कार, व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्रसेवा की भावना से भी जोड़ना है। अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने विद्यार्थियों से नियमित अध्ययन, समय के सदुपयोग तथा शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। वरिष्ठ प्राध्यापक राजीव काले ने शिक्षा और विद्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को कौशल विकास पर ध्यान देने की प्रेरणा दी। हरिवल्लभ शास्त्री ने मां अहिल्याबाई के आदर्शों को अपनाने एवं विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर व्यक्तित्व विकास करने की बात कही। इंडक्शन सेरेमनी का संचालन प्राध्यापक शिवपालसिंह पटेल ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन और संस्कार पतंग की डोर के समान हैं, जो सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचने का आधार बनते हैं।

## गांजे का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा

**बिस्टान ।** बिस्टान .वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के निर्देशन पर थाना बिस्टान मे मादक पदार्थ गांजे का अवैध परिवहन करते हुए आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा आरोपी रितेश पिता शोभाराम बघेल उम्र 25 साल निवासी बीजापुरा थाना बरुड़, रवि पिता हुकुम आरोले उम्र 22 साल निवासी मगर खेड़ी थाना बलकबाडा। भगवानपुरा रोड से बिस्टान तरफ आ रहे थे जहां अनकवाडी पुलिया के पास पुलिस टीम की मदद से पकड़ा गया। टीम मे थाना प्रभारी बिस्टान गुलाब सिंह रावत, प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षक विनायक सिंह, आरक्षक अनिल ने कार्यवाही की गई ।कुल मशरूका- 2 किलो 700 ग्राम गांजा कीमत करीबन 70000 ओर एक काले कलर की मोटर साइकिल करीबन 50000 है ।

## नशा मुक्ति अभियान को लेकर बनी कार्य योजना

**महेश्वर।** महेश्वर थाने के सम हाल में नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाने को लेकर थाना प्रभारी जगदीश गोयल तहसीलदार कैलाश सत्य सीएमओ प्रियंका पांडे की उपस्थिति में विस्तृत योजना बनी थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने जानकारी देते हैं बताया कि 15 जुलाई से लेकर 30 जुलाई के मध्य प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान पुलिस प्रशासन द्वारा संचालित किया जाएगा जिसके तहत समाज में जन जागृति अभियान के तहत विभिन्न सामाजिक नुक्कड़ सभाएं कर्नाटक नशा मुक्ति गीत स्कूली स्तरीय कार्यक्रम तथा फ्लैग मार्च पैदल रैली जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम किए जाएंगे इस कार्यक्रम में सभी समाज धर्म जाति के स्थानीय जनों को शामिल होकर समाज को विभिन्न प्रकार के नशे से मुक्त करने का संकल्प लेना है थाना प्रभारी जगदीश बोलने जानकारी देते हैं बताएं कि नशा समाज के लिए अभिशाप है और इस अभिशाप से समाज के युवा वर्ग को हमें मुक्त करना है ताकि समाज स्वस्थ बना सके। बैठक के दौरान एडिशनल एसपी शकुंतला रूहल तथा एसडीओपी श्वेता शुक्ला व थाना प्रभारी जगदीश गोयल ने जानकारी देते हुए बताएं कि 15 जुलाई से नशा मुक्ति अभियान पूरे प्रदेश में प्रारंभ किया जा रहा है जिसकी शुरुआत महेश्वर में भी बुधवार 15 जुलाई से होगी ।? इस दौरान नगर के सभी गण मानय नागरिक जन प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित होकर नशा मुक्ति अभियान की विधिवत शुरुआत करेंगे। बैठक में मुस्लिम सदर राहुप ठेकेदार, गुलाम मुस्तफा अंसारी, रोहित जोशी विक्की सोनी के साथ पार्षद गण उपस्थित थे।

## नशे से जीने की उम्मीद खत्म हो जाती है

**मंडलेश्वर।** मध्य प्रदेश पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी - 2.0 के तहत मंगलवार को मंडलेश्वर पुलिस ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे जागरूकता अभियान का शुभारम्भ विधायक राजकुमार मेव ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर विधायक ने अपने उदबोधन मे कहा कि सबसे पहले हम खुद नशे से दूर रहे और अपने परिवार को भी नशे से दूर रखें नशा जीवन नस्ट कर देता है नशा पीड़ित के जीने कि उम्मीद खत्म हो जाती है इसलिए अपनी और अपने परिवार कि खुशी के लिए नशे से दूर रहे।अनुविभागीय पुलिस अधिकार श्वेता शुक्ला ने अभियान के बारे मे बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर नशे से दूरी है जरूरी अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलेगा इसके अंतर्गत विभिन्न स्कूल कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता के लिए कार्यक्रम किए जाएंगे। आपने स्कूली बालकाओं से आग्रह किया कि वे अपने घर वालों को नशे से दूर रहने को कहे। पेरेंट्स अपनी लड़कियों कि हर बात मानते है इसलिए लड़किया अपने घर से नशे को दूर रखने का कार्य करे। टी आई पंकज तिवारी ने भी बालिकाओं को नशे के दुष्परिणाम बताए। नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत शासकीय कन्या शाला कि बालिकाओं ने स्कूल परिसर से एक रैली निकाली जिसमे विधायक राजकुमार मेव एसडीओपी श्वेता शुक्ला टी आई पंकज तिवारी, हरी प्रसाद अग्रवाल प्राचार्य विजय वानखेड़े,अरुणा चौहान आदि उपस्थित थे।

## छात्रसंघ के पदाधिकारियों को पद्मश्री जोशीला ने दिलाई शपथ

**कसरावद।** श्री निमाड़ पाटीदार एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित स्थानीय सीबीएसई विद्यालय पैरामाउंट एकेडमी कसरावद में छात्र परिषद का भव्य शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। विद्यालय में 26 जून से शुरू हुआ लोकतंत्र का यह महापर्व 15 जुलाई को नई कार्यकारिणी के संकल्प के साथ संपन्न हुआ ।शपथ विधि समारोह की अध्यक्षता देश के सुप्रसिद्ध पद्मश्री से सम्मानित जगदीश जोशीला एवं संचालक सुरेन्द्र पांचोटिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।इस अवसर पर विद्यालय के होनहार छात्र शिवम प्रजापत ने मुख्य अतिथि को उनका हस्तनिर्मित सुंदर



रेखाचित्र (स्केच) भेंट कर स्वागत किया ।इस बार चुनाव की सबसे विशेष बात यह रही कि विद्यालय के मुख्य चुनाव आयुक्त उज्वल रूईवाले एवं रिटर्निंग ऑफिसर बबलू वर्मा के कुशल मार्गदर्शन में पूरी वोटिंग प्रक्रिया पूर्णत: डिजिटल यानी ईवीएम मशीन द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई, जिसने बच्चों को देश की वास्तविक लोकतांत्रिक प्रणाली का जीवंत अनुभव कराया। लोकतंत्र के इस उत्सव में विद्यालय के चार प्रमुख हाउसों—निमाड़, मालवा, कौशल और बुंदेल से कुल 76 उम्मीदवारों ने अपना भाग्य आजमाया।

कड़े मुकाबले के बाद चारों हाउसों से 24 छात्र प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। इसके पश्चात, इन चुने हुए प्रतिनिधियों, वरिष्ठ शिक्षकों और कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक सूझबूझ का परिचय देते हुए सर्वसम्मति से हेड गर्ल के रूप में श्रद्धा यादव और हेड बॉय के रूप में अर्पण पाटीदार का चुनाव किया ।पद्मश्री जोशीला ने नवनिर्वाचित छात्र प्रतिनिधियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस गरिमामय क्षण के साक्षी बनने के लिए बच्चों के गौरवशाली माता-पिता और संस्था के संचालक सुरेन्द्र पाचोटिया भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा ज्योति पाटीदार एवं नर्मदा यादव ने प्रभारी शिक्षक नारायण पटेल एवं श्रीमती नेहा राठौर के मार्गदर्शन में किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षक उज्वल रूईवाले ने अतिथि का धन्यवाद किया।

## जगन्नाथ की रथयात्रा के लिए सादगी से भेजे भगवान जगन्नाथ के वस्त्र

**मंडलेश्वर ।** गुरुवार को महेश्वर मे निकलने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के लिए भगवान के द्वारा धारण किए जाने वाले वस्त्रो की पोशाक यात्रा इस बार दिवंगत स्वस्तिक पाटीदार के शोक मे स्थगित कर सादगी पूर्वक वस्त्र भेजें गए। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के लिए मंडलेश्वर के पाटीदार परिवार से पोशाक बनाकर अर्पित की जाने की परम्परा रही है। एडवोकेट रितु पाटीदार बड़े भक्ति भाव,लगन और मेहनत से यह पोशाक तैयार



करती रही है जिसे शोभायात्रा के माध्यम से नगर के प्रमुख मार्गो से भक्त गण नाचते गाते नगर सीमा तक ले जाकर महेश्वर के भक्तों को सौपते रहे है ।लेकिन पाटीदार परिवार मे शोक होने से इस बार सादगी से पूजन किया गया। जूना श्रीराम मंदिर मे नगर परिषद अध्यक्ष विश्वदीप मोयदे ने पत्नि जया मोयदे के साथ पोशाक का पूजन किया पंडित पंकज मेहता ने पूजन करवाया इस अवसर पर जगन्नाथ मंदिर महेश्वर के संत हृदय गिरी महाराज, माँ नर्मदा रामकृष्ण मठ अन्नक्षेत्र के महंत स्वामी अव्यक्तानन्द पुरी महाराज का सानिध्य भी रहा। वैदेही सखियों श्रीमति तरुणा तवर नूतन केवट नीलम मालवीया और सखियो ने मंगल गीत गाए। पोशाक पूजन के बाद महंत हृदय गिरी महाराज ने दिवंगत स्वस्तिक पाटीदार को श्रद्धांजलि अर्पित की इसके बाद भक्तों ने वस्त्रो को सिर पर रखकर मंदिर की परिक्रमा की उसके बाद जगन्नाथ मंदिर के संत को वस्त्र प्रदान कर उन्हें सम्मानपूर्वक महेश्वर के लिए रवाना किया।

## किसानों को बारिश का बेसब्री से इंतजार

**बिस्टान ।** क्षेत्र में एक सप्ताह से अधिक समय से बारिश नहीं होने के कारण किसान खेतों में नमी बनाए रखने के लिए अतिरिक्त मेहनत कर रहे हैं । पिछले दिनों हुई बारिश से खरीफ फसलों को पर्याप्त नमी मिली थी



लेकिन लगातार तेज धूप और उमस के चलते अब किसान खेतों में नमी बन बनाए रखने के लिए विशेष प्रयास कर रहे हैं । वे कहीं कुलपा चलाकर मिट्टी की ऊपरी परत को ढीला कर नमी संरक्षित करने में जुटे हैं । तो कहीं निंदाई ,गुड़ाई कर खरपतवार हटा रहे हैं । और फसलों की बढ़वार के लिए खेतों को व्यवस्थित कर रहे हैं किसान सुबह से शाम तक खेतों में पसीना बातें नजर आ रहे हैं ।

## छात्रों को नशा नहीं करने के लिए शपथ दिलाई




**बिस्टान ।** नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान के तहत जन जागरूकता अभियान की शुरुआत यहां स्कूल संदीपनी हायर सेकेण्डरी स्कूल में पुलिस थाना प्रभारी के द्वारा की गई । यहां स्कूली छात्रों को नशा नहीं करने के लिए शपथ दिलाई गई। साथ ही उपस्थित छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा नशा जीवन मे कभी नहीं करना चाहिए ।और अन्य जनो को भी नशा नहीं करने की सलाह देना चाहिए अपने आस पास नशे संबंधित गतिविधिया संचालित हो रही हैं तो इसकी सुचना सबंधित थाने पर करना चाहिए । रैली के माध्यम से आम लोगो को नशा नहीं करने के लिए नारे लगाए गए ।इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य बलराम भवर,, एस आई सुदामा मोरे संतोष डावर सहित पुलिस स्टॉप मौजूद रहा ।

**एक नजर** — छात्राओं ने गुरुओं के सम्मान में एक गीत प्रस्तुत किया

## गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत होने वाले 15 दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत

**बड़वाह।** शासन के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त सांदीपनि शालाओं में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के तहत 15 जुलाई से 29 जुलाई तक विभिन्न आयोजन होना है,इसी के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय बड़वाह में प्रथम दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए, सर्वप्रथम माँ सरस्वती का पूजा अर्चन विकास खंड शिक्षा अधिकारी रेवाराम वर्मा, प्राचार्य हंसा कानूड़े,उपप्राचार्य निर्मल चौधरी ,यतिंद्र जोशी ने किया, पश्चात शाला की छात्राओं द्वारा गुरुओं के सम्मान में एक गीत प्रस्तुत किया गया एवं उद्बोधन के




द्वारा गुरुओं की महिमा का बखान किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से विधायक सचिन बिरला, स्स्हक्क अर्चना रावत, थाना प्रभारी बलराम राठौर, अनुविभागीय अधिकारी सत्यनारायण दर्रो, तहसीलदार सज्जन सिंह राठौर एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए, उपस्थित सभी अतिथियों ने छात्राओं की उपस्थिति एवं अनुशासन को सराहा। सचिन बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ज्ञान, संस्कार,एवं जीवन मूल्यों का मार्गदर्शक माना गया है,गुरु शिष्य परम्परा का संवर्धन, शिक्षकों का समान हर छात्रा को करना चाहिए प्रशासनिक अधिकारियों ने भी छात्राओं को संबोधित किया एवं शाला में अनुशासन बनाए रखने एवं अध्यापन कार्य में रुचि रखने का आव्हान किया। प्राचार्य हंसा कानूड़े, उपप्राचार्य निर्मल चौधरी, सुनीता परमार, विशाल सिंह चौहान, अनुप अत्रे, डी एस चौहान, सतविंदर सिंह भाटिया , जितेंद्र चौरे ने संबोधित किया एवं एक स्वर में सभी से अनुशासन में रहने की अपील की संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन खेल अधिकारी डी एस चौहान ने किया ।